हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 दिसंबर 2025

11 दो घंटे प्रदर्शन कर ट्रांसफर पॉलिसी का किया विरोध



12 2025 में 16 हत्याओं से दहशत में रही उद्योग नगरी



## खबर संक्षेप

### बिजली उपभोक्ताओं की आज रोहतक में सुनवाई

**झज्जर।** उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिजली बिल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निवारण के उद्देश्य से बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक चेयरमैन जोनल फॉर्म उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम रोहतक द्वारा चीफ इंजीनियर ओपी, प्रवर्तन परिमण्डल, राजीव गांधी विद्युत सदन, पावर हाउस, रोहतक स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सुनवाई की जाएगी। इस दौरान चेयरमैन, चीफ इंजीनियर जोनल फॉर्म रोहतक स्वयं उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनेंगे तथा उनका त्वरित निवारण सुनिश्चित करेंगे। विशेष रूप से झज्जर जिले के उपभोक्ता भी अपने बिजली बिल संबंधी मामलों को बैठक में प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि उपभोक्ता निर्णय से संतुष्ट ना हो तो वे शिकायत चेयरमैन, जोनल फॉर्म रोहतक को कर सकते हैं।

### आईटीआई गुढ़ा में रोजगार मेला 29 को

**झज्जर।** आईटीआई गुढ़ा में 29 दिसंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि मेले में कई कंपनियां भाग लेंगी। जो आईटीआई पास विद्यार्थी अप्रेंटिस करना चाहते हैं, इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। विद्यार्थी निर्धारित समय पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झज्जर एट गुढ़ा में पहुंचना सुनिश्चित करें।

### खेत में तबीयत बिगड़ने से किसान की मौत


**झज्जर।** क्षेत्र के गांव तलाव में खेतों में काम करते समय अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 53 वर्षीय सतीश पुत्र जगमाल के तौर पर हुई है। परिजनों के अनुसार सतीश सोमवार शाम खेत में पानी देने गया हुआ था। जब देर तक नहीं लौटा तो परिजन खेत पहुंचे, जहां सतीश बेसुध पड़ा हुआ था। इसके बाद उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा सतीश के शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बागवानी में शुरू की विशेष अनुदान योजनाएं

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अनुदान योजनाएं लागू की गई हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत सब्जियों, मशरूम एवं आधुनिक तकनीक आधारित खेती के लिए किसानों को आकर्षक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। बागवानी अधिकारी डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि इन योजनाओं का लाभ उठाएं।

### ट्रक के गाड़ी पर पलटने से सिलानी गांव के पास हुआ बड़ा हादसा

# ओवरलोड तूड़ी के वाहनों पर नहीं लगी लगाम, छीन ली 5 की जान





*पुलिस की एडवाइजरी नहीं आ रही काम, तूड़ी से भरे ओवरलोड वाहन बन रहे मौत का सामान*

*शटरिंग का काम करके ऊंटलौधा गांव से कार में वापस लौट रही थी लेबर व ठेकेदार, ट्रक के नीचे दबने से गाड़ी बुरी तरह हुई क्षतिग्रस्त*

**पांच मृतकों में थे दो भाई, छाया मातम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सिलानी गांव के पास रेवाड़ी रोड से गुरुग्राम रोड को जोड़ने वाले बाईपास पर एक तूड़े से भरा ओवरलोड ट्रक एक गाड़ी के ऊपर पलट गया, जिसके नीचे दबने से कार सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सभी मृतक शटरिंग के व्यवसाय से जुड़े थे और इनमें से दो सगे भाई थे। मृतकों की पहचान जिले के सूरहा गांव निवासी घनश्याम किशोर पुत्र रामअवतार, यूपी निवासी पिंटू पुत्र किशन लाल, जर्नाधन वर्मा पुत्र तीजू वर्मा निवासी ताबरपुर जिला आजमगढ़ यूपी, जयवीर पुत्र राजेंद्र निवासी फतेहगढ़ तहसील चंबोली जिला संबल यूपी व उसके छोटे भाई अखिलेश के तौर पर हुई है।

#### दो जेसीबी से निकाले शव, लगा जाम

इस हादसे के बाद पुलिस ने दो जेसीबी की सहायता से क्षतिग्रस्त कार, ट्रक व सड़क के बीचों बीच पड़े तूड़े को सड़क किनारे कराया। इस कारण रेवाड़ी रोड से आने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा रास्ता सुचारू कराया गया। हादसे की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस के अलावा शहर थाना प्रभारी सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेते हुए काफी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकलवाया।

शाम करीब साढ़े सात बजे हुई इस घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जेसीबी और राहगीरों की सहायता से कार में फंसे शवों को बाहर निकलवाकर उन्हें स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। इस घटना से एक बार फिर ओवरलोड तूड़ी से भरे वाहनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हर बार पुलिस प्रशासन तूड़ी से भरे वाहनों को लेकर एडवाइजरी जारी करता है, लेकिन धरातल पर कार्रवाई ढीली है। धुंध व ठंड में यह ओवरलोड तूड़ी के वाहन और ज्यादा खतरनाक साबित हो जाते हैं।

जानकारी के अनुसार घनश्याम किशोर शहर में शटरिंग का कार्य करता था। उसने ऊंटलौधा गांव में काम ले रखा था। जब वह मंगलवार को ऊंटलौधा गांव से लेबर को लेकर वापिस शहर छोड़ने आ रहा था तो उनकी गाड़ी जैसे ही रेवाड़ी रोड से गुरुग्राम रोड की तरफ मुड़ी तो साथ से निकल रहा तूड़े से भरा ट्रक अचानक उनकी कार के ऊपर आ गिरा। ट्रक के नीचे दबने से सभी की मौत हो गई। ट्रक चालक हादसे के बाद ट्राला छोड़ कर मौके से फरार हो गया।

#### अस्पताल में लगी लोगों की भीड़

हादसे की सूचना मिलने पर अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ लग गई। पांच-पांच शवों को एक साथ देखकर सभी का दिल दहल गया। आमजन के अलावा चिकित्सकीय स्टाफ भी हादसे की चर्चा करने लगे। सभी की आंखें नम रहीं। सूचना मिलने के बाद शटरिंग व्यवसाय से जुड़े श्रमिक भी अस्पताल पहुंचे। इनमें से जब एक ने शिनाख्त के दौरान बताया कि मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल है तो माहौल और अधिक गमगीन हो गया।

## पत्नी की हत्या करने के आरोप में पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

**मायके वालों को बगैर सूचना दिए पत्नी के शव को जलाया था**



पुलिस की एक टीम द्वारा पत्नी की हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। थाना माछरौली प्रभारी निरीक्षक परमजीत ने बताया कि मृतका आशा की मां द्वारा पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी की शादी 30 अप्रैल को गांव खेड़ी सुल्तानपुर निवासी जतिन के साथ हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आरोपी ने उसकी बेटी की हत्या कर दी है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी पति ने आशा की हत्या की और घटना को छिपाने के इरादे से उसी रात उसके शव को जला दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी जतिन निवासी खेड़ी सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## युवक ने फंदा लगाया, एक माह पहले हुई थी शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

**गांव गुढ़ा का 24 वर्षीय साहिल निजी कंपनी में था**

क्षेत्र के गांव गुढ़ा में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 24 वर्षीय साहिल पुत्र धर्मबीर के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी दीपक ने बताया कि साहिल मानेसर स्थित एक निजी कंपनी में काम करता था। उसकी एक माह पहले ही शादी हुई थी। सोमवार की दोपहर बाद करीब चार बजे जब घर पर कोई नहीं था तो उसने फांसी लगा ली। इसके बाद परिजनों को जब पता चला तो वे उसे फांसी के फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी ने बताया कि मृतक की मां पूजा के बयानों पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।




**झज्जर।** अस्पताल परिसर में कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

## गाड़ी हटाने को लेकर हुए झगड़े में चले हथियार, 3 भाइयों सहित 4 घायल

- एचएसआईआईडीसी सेक्टर 4-बी में वारदात से दहशत
- दर्जन भर लोगों ने मिलकर कंटेनर चालक और उसमें सवार मजदूरों की जमकर पिटाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

एचएसआईआईडीसी सेक्टर 4-बी में गाड़ी हटाने को लेकर हुई मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ा कि चाकू सहित अन्य धारदार हथियार तक चल गए। हमले में तीन भाइयों सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। घायलों की पहचान धर्मराज, देवराज, रामराज और बलराम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी प्रवासी हैं। इनमें से तीन भाई हैं, जिन्हें धारदार हथियार लगे हैं। एक अन्य बलराम भी चोटिल है। किसी के पेट तो किसी के पांव और कमर में तेजधार हथियार लगे हैं। आर्यन लेमिफेब प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर सुमित भारद्वाज ने बताया कि कंपनी के पास ही सड़क बनाने का काम चल रहा है। उस जगह उनके कंटेनर चालक ने अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। वहां एक टाटा ऐस गाड़ी भी खड़ी थी, जिसे हमारे चालक ने पीछे करने को कहा। इसी बात को लेकर टाटा ऐस चालक और उसके साथियों ने कंटेनर चालक व मजदूरों पर हमला कर दिया। आरोप है कि दर्जन भर लोगों ने मिलकर कंटेनर चालक और उसमें सवार मजदूरों की जमकर पिटाई की। धारदार हथियारों से वार किए। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।



**बहादुरगढ़।** पुलिस चौकी में पहुंचे उद्यमी।



नागरिक अस्पताल में भर्ती घायल।

### गांव छारा में खेत से बिजली के तार चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव छारा में खेतों से चोर बिजली के तार चुरा लिए गए। जब किसान खेत में आया तो उसे वारदात का पता चला। छारा के निवासी राजेश का कहना है कि करीब पांच एकड़ क्षेत्र में से बिजली के तार काटे गए हैं। इस वजह से काफी आर्थिक हानि हुई है, वहीं कामकाज भी प्रभावित हो गया। अपने स्तर पर काफी जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। फिर पुलिस को शिकायत दी। मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध हथियारों सहित दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- दो अवैध पिस्तौल, दो मैग्जीन व आठ कारतूस बरामद हुए, पहले भी दर्ज हैं कई मामले

रोहतक में हुई गैंगवार के बाद झज्जर पुलिस अलर्ट है। इसी कड़ी में पुलिस की अपराध जांच शाखा बहादुरगढ़ ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आसौदा थाना में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, सीआईए-टू बहादुरगढ़ की टीम ने आसौदा-खरखौदा मार्ग पर जम्मू कटरा एक्सप्रेस वे के पुल के नीचे नाकाबंदी की थी। इसी दौरान एक वैगनआर कार रुकवाई गई। गाड़ी में दो युवक सवार थे। तलाशी के दौरान उनसे कंट्रीमेड दो अवैध पिस्तौल, दो मैग्जीन व आठ कारतूस बरामद हुए। आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। इनकी पहचान प्रदीप उर्फ सोनू व जोगेंद्र उर्फ नान्हा के रूप में हुई है। दोनों सोनीपत जिले के झरोठ गांव के रहने हैं और नाते से भाई लगते हैं। सीआईए प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक बैकग्राउंड रहा है। जागेंद्र के खिलाफ सोनीपत, खरखौदा व दिल्ली के थानों में किडनैपिंग, जान से मारने के प्रयास सहित चार केस दर्ज हैं। जबकि प्रदीप के खिलाफ एक केस दर्ज है। फिलहाल दोनों आरोपी खरखौदा में प्रॉपर्टी डीलिंग का व्यवसाय करते हैं। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि ये यूपी से हथियार लेकर आए थे। गांव में इनकी किसी के साथ रंजिश चल रही है। इसलिए हथियार रखते हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## कौशिक से मिले शामलात भूमि के प्रभावित लोग

हरिभूमि न्यूज. ⏭ बहादुरगढ़

- 20 वर्षों से शामलात जमीन पर मकान बनाकर रह रहे लोग
- जुलाई 2025 में शामलात जमीन को लेकर नोटिस जारी हुए

पिछले करीब 20 वर्षों से शामलात जमीन पर मकान बनाकर रह रहे लोग मंगलवार को भाजपा नेता दिनेश कौशिक से मिले और अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराया। चिराग पुरूथी ने बताया कि वे पहले भी इस मामले को लेकर सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर चुके हैं और उन्हें पूरे प्रकरण से अवगत करा चुके हैं। लोगों ने बताया कि उनके मकान शामलात जमीन पर बने हुए हैं, वे वर्षों से वहीं रह रहे हैं और सभी के पास रजिस्ट्री है। नगर परिषद बहादुरगढ़ द्वारा जुलाई 2025 में शामलात जमीन को लेकर नोटिस जारी कर दिए गए, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। इन नोटिसों के चलते संबंधित परिवारों को एनओसी नहीं दी जा रही है, जिसके कारण वे अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने में असमर्थ हैं। लोगों की समस्या को सुनने के बाद दिनेश कौशिक ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में नगर परिषद अधिकारियों से बात करेंगे। साथ ही प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी से मिलकर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

### फुटवियर कलस्टर में हुई बैठक में उद्यमियों को कहा- प्रदूषण रोकने के नियमों की पालना करें

**अफसरों ने प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए उद्यमियों से की चर्चा**

# प्रदूषण पर नजर रखने को ओसीएमएस इंस्टॉल करने के लिए मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा शहर के फुटवियर पार्क में उद्यमियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिकारियों ने उद्यमियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदूषण कम करने से जुड़े सभी नियमों और उपायों का सख्ती से पालन किया जाए, ताकि क्षेत्र में लगातार बिगड़ रही वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। बैठक में पहुंचने पर बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष जग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास आनंद सोनी दहिया, पन्ना लाल वैद्य, केके सेठ और सरदार दर्शन सिंह आदि ने एचएसपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी आशीष कौशिक, एसडीओ अजय बूरा और एसडीओ अमित कटारिया का स्वागत किया।

बैठक के दौरान फूड प्रोसेसिंग, मेटल और टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज के बॉयलर और फर्नेस आदि पर 30 दिसंबर तक ऑनलाइन मॉनिटरिंग डिवाइस (ओसीएमएस) इंस्टॉल करने के निर्देशों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन उपकरणों के माध्यम से उत्सर्जन पर लगातार नजर रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।



**बहादुरगढ़।** बैठक में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते उद्यमी।

#### बाजार में कम है डिवाइस की आपूर्ति

उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि ऑनलाइन मॉनिटरिंग डिवाइस फिलहाल बाजार में पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा इनकी लागत भी कई लाख है। जिससे छोटे और मध्यम उद्योगों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उद्यमियों ने इन परिस्थितियों को देखते हुए डिवाइस इंस्टॉल करने की समय-सीमा बढ़ाने की मांग की। अधिकारियों ने जवाब दिया कि यह कार्रवाई वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के दिशा-निर्देशों के तहत की जा रही है और इसका उद्देश्य उद्योगों को परेशान करना नहीं, बल्कि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण करना है। हालांकि अधिकारियों ने उद्यमियों को आश्वस्त किया उनके द्वारा उठाई गई डेडलाइन बढ़ाने की मांग को सरकार के समक्ष अवगत करा दिया जाएगा, ताकि इस पर उचित निर्णय लिया जा सके। बैठक में अधिकारियों ने यह भी अपील की कि सभी उद्योग स्वैच्छिक रूप से स्वच्छ तकनीक अपनाएं, ईंधन का सही उपयोग करें और प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित करें। उद्यमियों ने भी सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे नियमों का पालन करेंगे, बशर्ते व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए उन्हें पर्याप्त समय दिया जाए।

# एमआईई में पानी आपूर्ति की मांग

- एमआईई में प्रतिदिन न्यूनतम 2 घंटे पीने के पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने रोहतक में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व हरियाणा राज्य औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक में भाग लिया। इसमें औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। हशविप्रा के प्रशासक आनंद कुमार शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में ईओ विजय राठी, एसडीओ कृष्ण मलिक, एचएसआईआईडीसी के एस्टेट मैनेजर रोहित देसवाल समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बीसीसीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र छिकारा व हरिशंकर बहती ने इस दौरान मुख्य रूप से एमआईई के पार्ट–ए एवं बी में लंबे समय से बाधित पीने के पानी की आपूर्ति को पुनः प्रारंभ करने की मांग रखी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एमआईई में प्रतिदिन न्यूनतम 2 घंटे पीने के पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।



**बहादुरगढ़।** बैठक में अधिकारियों का स्वागत करते नरेंद्र छिकारा व एचएस बहती।

#### आधारभूत सुविधाओं पर की चर्चा

इसके अतिरिक्त औद्योगिक प्लॉट्स के ट्रांसफर से जुड़े लंबित मामलों, उनसे उत्पन्न व्यावहारिक कठिनाइयों तथा उनके शीघ्र समाधान की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। साथ ही, एमआईई के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा उद्योगों को प्रभावित करने वाले अन्य मुद्दों पर भी संबंधित अधिकारियों के साथ सार्थक संवाद किया गया।



## कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।

लाइफ Style



# कियारा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

हॉलीवुड मसाला



## परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलेंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलेंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



## क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



## एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



## बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

टीवी मसाला



## नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

### मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से



की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं। साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।

## अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं
### इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है,



बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं। 'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के



बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'

### प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### डॉन 3 हुई पोस्टपोन

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स
# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास

***नई दिल्ली।** जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिम्पली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गईं।*

**शाहरुख** : शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सभ्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया** : आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी** : भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।



**दिलजीत** : दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या** : अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर** : साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**कियारा** : साल 2025 में कियारा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कियारा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

## अपराध : गत वर्ष के मुकाबले करीब डेढ़ गुणा ज्यादा हत्या होने से कानून व्यवस्था पर सवाल

अलविदा 2025

# 16 हत्याओं से दहशत में रही उद्योग नगरी

साल दर साल बढ़ रही हत्याएं न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं, वहीं कमजोर होते सामाजिक ताने-बाने की हकीकत भी बयां कर रही हैं

मनीष कुमार ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। साल दर साल बढ़ रही हत्याएं न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं, वहीं कमजोर होते सामाजिक ताने-बाने की हकीकत भी बयां कर रही हैं। वर्ष 2024 में जहां इलाके में 9 हत्याएं हुई तो वहीं 2025 में अब तक हुई 16 वारदात में डेढ़ दर्जन लोगों का खून बह चुका है।

नशा, आपसी रंजिश, घरेलू कलह, प्रेम प्रसंग कारणों से इंसानियत तार-तार हुई है। यहां तक कि अपनों का खून बहाने से भी लोग नहीं हिचके हैं। गत 17 जनवरी को जटिया मोहल्ला के निवासी मनजीत की बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन के नीचे चाकू मारकर हत्या की गई।

इसके तीन दिन बाद 20 जनवरी की रात को बैंक कॉलोनी में बिहार मूल के सचिन की पत्थर मारकर हत्या की। दोस्तों ने ही नशे की हालत में झगड़ा होने पर मौत के घाट उतारा। फिर 28 जनवरी की रात को दामाद मनेंद्र ने मांडोठी में अपने ससुर संजय की गोली मारकर हत्या की। वहीं 18 फरवरी को जसोरखेड़ी में एक महिला की हत्या का आरोप उसके लिवइन पार्टनर पर लगा।


बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में परिवार को मारने वाला हत्यारोपी हरपाल। (फाइल फोटो)

### तीन मार्च को प्रेमिका की हत्या कर शव फेंका

तीन मार्च को मेहंदीपुर डाबोदा की झाड़ियों में कंबल में लिपटा महिला का शव मिला। जांच हुई तो सामने आया कि प्रेमी हिमांशु ने ही एक मार्च को उसकी हत्या की और तीन मार्च को शव दोस्तों के साथ मिलकर झाड़ियों में फेंका। गत 22 मार्च की रात को सेक्टर-9 में दिल दहलाने वाला मामला हुआ। उत्तराखंड मूल के हरपाल ने पहले तो अपनी पत्नी व दो बेटों की निर्मम हत्या की, फिर मकान में ब्लास्ट कर दिया। अगले ही दिन 23 मार्च की सुबह कानोंदा में पवन नाम के युवक का शव मिला। जमीनी विवाद में उसकी हत्या की बात सामने आई। चार अप्रैल की सुबह मांडोठी के एक कुएं में राकेश पहलवान का शव मिला। गोली मारने के बाद उसके शव को कुएं में फेंका गया था।

### चचेरे भाई ने ही उतारा मौत के घाट

छह मई की रात को सब्जी मंडी में साहिल नाम के युवक की चाकू मारकर चचेरे भाई ने हत्या की। वहीं, 27 मई की रात को भगत सिंह पार्क में 19 वर्षीय यंशु की गला रेतकर हत्या कर दी गई। फिर 28 जून की रात को श्यामजी कांप्लेक्स के साथ लगती गली में एक प्रवासी महिला ने घरेलू प्रताड़ना से तंग आकर अपने पति भानु प्रताप की गला रेतकर व ईंट मारकर हत्या की। अगली ही सुबह 29 जून को परनाला में किरयाणा दुकानदार सतबीर की गोलियां मारकर हत्या की गई। सतबीर को इसलिए मारा गया, क्योंकि उसके बेटे ने एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। गत 11 अगस्त को सराय गांव के फ्लैट में एक युवक अनुभव ने अपनी पत्नी अनुपम की हत्या की।

### 14 सितंबर को रुपयों के लेनदेन में हत्या

वहीं, 14 सितंबर की रात को रोहद में पेट्रोल पंप कर्मचारी राजकुमार की रुपयों के लेनदेन में पेचकस मारकर हत्या कर दी गई। आठ नवंबर की रात को रोहद में दीपक नाम के युवक की चाकू मारकर हत्या हुई। वहीं 24 नवंबर को लाइनपार में कर्मजीत को मौत के घाट उतारा गया। बेशक पुलिस ने तमाम वारदातें सुलझाई हों लेकिन सवाल है कि आखिरकर समाज किसी मोड़ पर आ खड़ा हुआ है, जहां गुस्सा, नशा व लोभ इंसानियत से बड़ा हो गया है।


बहादुरगढ़। मंच पर कृष्णाचार्य महाराज के साथ नरेश कौशिक, अशोक गुप्ता और अन्य श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

बहादुरगढ़। रेलवे रोड स्थित वैश्य स्कूल प्रांगण में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कलश यात्रा के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। इसमें 1500 महिलाओं ने भाग लिया। यह कलश यात्रा काठमंडी शिव मंदिर से चलकर अनाजमंडी होते हुए रेलवे रोड पर कथास्थल तक पहुंची। मंगलवार को पूरे विधि-विधान के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि तौर पर दीप प्रज्ज्वलित कर इस धार्मिक आयोजन का आगाज किया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन अशोक गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहे। उत्तराखंड पीठाधीश्वर स्वामी श्री कृष्णाचार्य महाराज की ओर से कथा सुनाई जाएगी। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने उनका आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में भागीदारी जीवन में परोपकार की भावना को बढ़ाती है। भागवत कथा जीवन को सार्थक बनाने, आंतरिक शुद्धिकरण करने और परम आनंद प्राप्त करने का एक दिव्य मार्ग है।


बहादुरगढ़। नशे के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती स्वयंसेविकाएं।

### बामडोली व कुलासी में नशे के विरुद्ध किया नाटक

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में गांव बामडोली में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। गांव कुलासी में भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने नशे के दुष्परिणामों, उससे होने वाले पारिवारिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा युवाओं को सही दिशा देने की अपील की। प्राधिकरण की तरफ से नीता देवी ने बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसके उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होकर आगे आना आवश्यक है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है, जो विशेष रूप से युवाओं के भविष्य को प्रभावित करता है। नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए ऐसे नुक्कड़ नाटक अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं। नशा मुक्ति केंद्र संचालक छोटूराम ने स्वयंसेविकाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। ग्रामीणों ने भी स्वयंसेविकाओं के इस प्रयास की प्रशंसा की और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।


बहादुरगढ़। प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ संगीता वर्मा व अनिल कुमार। फोटो : हरिभूमि

### त्रिवेणी स्कूल में धूमधाम से मनाया क्रिसमस

बहादुरगढ़। शहर के त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को क्रिसमस डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बोर्ड निदेशक एस श्याम, निदेशिका संगीता वर्मा व प्राचार्य अनिल कुमार ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत चौथी से सातवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा ईसा मसीह के गीत से की गई। गीत के बाद श्याम की बगिया के नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। कनिष्का के यौन उत्पीड़न आधारित भाषण ने सबको प्रभावित किया। सेंटाक्लोस के आगमन और पहली-दूसरी के छात्रों के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। तीसरी से नौवीं तक के बच्चे मंच पर बेहतरीन दिखे। संगीता वर्मा ने सभी बच्चों को क्रिसमस डे की बधाई दी।

## बीआरजी के 24 धावकों ने फतेह किया प्रोकेम स्लैम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लगातार चार महानगरों की अत्यंत कठिन और प्रतिष्ठित मैराथनों को सफलतापूर्वक पूरा करने के साथ ही बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के 24 धावकों ने प्रोकेम स्लैम पूर्ण किया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के साथ ही बीआरजी एनसीआर का सबसे अधिक प्रोकेम स्लैम धारक रनिंग ग्रुप बन गया है।

बता दें कि प्रोकेम स्लैम वही धावक प्राप्त करता है, जो बिना किसी व्यवधान के देश की चार प्रमुख मैराथनों वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन (21 किलोमीटर), टाटा मुंबई मैराथन (42 किलोमीटर), कोलकाता मैराथन (25 किलोमीटर) और बेंगलुरु मैराथन (10 किलोमीटर) को सफलतापूर्वक पूरा करता है। इन चारों मैराथनों को एक निर्धारित क्रम और समयावधि में पूरा करना किसी भी धावक के लिए अत्यंत कठिन चुनौती मानी जाती है।


बहादुरगढ़। उपलब्धि हासिल करने वाले बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

समूह संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि बीआरजी के धावकों ने कोलकाता मैराथन के साथ प्रोकेम स्लैम धारक बनने का गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि में इस वर्ष सुरेंद्र सिंह दलाल, गुलाब सिंह, अनुराग शर्मा, नितिन, सुधीर शौकीन, शिवानी, कुमोदिनी, हिमांशु सिंह, उत्कर्ष तिवारी, गिरीश, त्रिलोक चंद, एंटनी, देवेश तुली और सुदेश तोमर ने सहभागिता की। जबकि पिछले वर्षों के दौरान देवेंद्र किशोर प्रसाद, नरेंद्र राम, नीरज छिल्लर, अरुण विजरण, सनी, राजेश प्रसाद, राजेश रघुवंशी, शलभ खरे, रजत कौशिक और कौशल शर्मा ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

इस तरह बीआरजी से कुल 24 धावक प्रोकेम स्लैम क्लब में शामिल हो चुके हैं, जो एनसीआर के रनिंग इतिहास में रिकॉर्ड माना जा रहा है।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### मॉडल संस्कृति स्कूल में मंच पर दिखी प्रतिभा

बहादुरगढ़। प्रतिभा मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ में शोकेस इवेंट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की अंतर्निहित प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें विभिन्न करियर विकल्पों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, ज्ञान तथा कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य मंजू रानी, उप-प्रधानाचार्य सुशीला तथा समाजसेवी सतेंद्र दहिया ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन रसायन विज्ञान प्राध्यापिका नीरू, भारती, जीव विज्ञान प्राध्यापिका विनती व अंग्रेजी प्राध्यापिका सुमित्रा तेवतिया द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान, भाषा, अनुसंधान, प्रशासन एवं अन्य विविध करियर क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## सांस्कृतिक व शैक्षणिक समन्वय का उदाहरण बना ट्विनिंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुपनिया व यंग जीनियस स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में ट्विनिंग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुपनिया की प्रभारी रेखा रानी ने बताया कि स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा लागू यह पहल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और नए अनुभवों के प्रति सोच विकसित होती है। यंग जीनियस स्कूल की प्रिंसिपल रितु रानी ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों व अनुशासित जीवन शैली पर मार्गदर्शन दिया। काव्य प्रस्तुति में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुपनिया के कक्षा 12वीं के छात्र दीपांशु ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर कविता प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। जबकि यंग जीनियस स्कूल के कक्षा 11वीं के छात्र कृष ने शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित कविता सुनाकर श्रोताओं में जोश भर दिया। विद्यार्थियों ने साइंस लैब और पुस्तकालय का भ्रमण किया तथा विभिन्न पुस्तकों के माध्यम से अपने ज्ञान का विस्तार किया। कार्यक्रम के संचालन में सीमा देवी, प्रवीण कुमार, सोनिया, लक्ष्मी और पंकज मलिक का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## गो सेवा के कार्यों को लेकर बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राष्ट्रीय गोरक्षा वाहिनी गो सेवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शेखावत की उपस्थिति में मंगलवार को एक विशेष बैठक एचएल सिटी में हुई। जिला महिला अध्यक्ष सोमवती जाखड़ द्वारा बुलाई गई बैठक में गौ सेवा के कार्यों को संगठनात्मक स्तर पर अधिक मजबूत बनाने पर विमर्श हुआ।

कार्यक्रम के दौरान युवा गो सेवक मंजीत गोदारा ने अपने साथियों संग राष्ट्रीय गोरक्षा वाहिनी गो सेवा संघ में शामिल होने की घोषणा की। शेखावत व सभी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद दिनेश शेखावत, सोमवती जाखड़, सुनीता सहारण, मंजीत गोदारा, डॉ वीरेंद्र छिल्लर, सुदेश रंगा, संतोष सोलंकी, सीमा सांखोल, कविता रंगा आदि ने गोकुलधाम गो सेवा महातीर्थ का दौरान किया। जहां मैनेजर रेन्वत सिंह राठौड़ ने स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया। सभी ने यहां चल रहे गो सेवा के कार्यों की सराहना की।


बहादुरगढ़। दिनेश शेखावत को स्मृति चिह्न देते राठौड़ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### वकीलों ने किया चौधरी चरण सिंह को नमन

बहादुरगढ़। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एडवोकेट विक्रम सिंह छिल्लर, अशोक अहलावत, सुमित देशवाल, मुकेश लाकड़ा, अमित कुमार, शौर्यवीर छिल्लर व गौरव शर्मा आदि ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया। वकीलों ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों के लिए समर्पित किया, उनके उत्थान और विकास के लिए जीवनभर काम किया।

## शिविर में 250 लोगों की आंखें जांचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की छोटूराम धर्मशाला में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉक्टरों की टीम द्वारा करीब 250 वाहन चालकों व अन्य लोगों की आंखें जांची गई। कंपनी के जनरल मैनेजर राजीव जिंदल ने बताया कि मरीजों की आवश्कता अनुसार निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। साथ ही प्लांट हैड संजीव मिगलानी ने नेत्रदान के महत्व को समझाया और लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ अंकित द्वेंदी, डॉ अमित उपाध्याय, मैनेजर सुभाष यादव, मुकेश मित्तल, अशोक गौतम, प्रवेश मुदगिल, राजेश अरोड़ा, रमेश सहारन, हरदीप दलाल, राजकुमार, रवि शंकर, डिम्पी, संदीप वशिष्ट आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। कैंप में लागों की आंखें जांचते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप स्पर्धा में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

## सवेरा स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्थानीय सवेरा स्कूल के विशेष बच्चों ने वर्ष 2025 में स्पेशल ओलम्पिक भारत द्वारा आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हरियाणा राज्य का नाम रोशन किया है।

विद्यार्थियों की सराहनीय उपलब्धियों के उपलक्ष्य में मंगलवार को सवेरा स्कूल परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र मलिक ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट वितरित कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा प्रशिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। ऐसे खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और आने वाले समय में भी वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।


झज्जर। विजेता प्रतिभागियों के साथ सवेरा स्कूल स्टॉफ सदस्य एवं अन्य।

उन्होंने बताया कि विद्यालय के खिलाड़ियों ने साइक्लिंग, पावरलिफ्टिंग तथा फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीते। उन्होंने बताया कि साइक्लिंग प्रतियोगिता में पलक ने दो स्वर्ण पदक, तमन्ना ने एक रजत पदक तथा जतिन ने दो रजत पदक हासिल किए।

पावरलिफ्टिंग में पलक ने स्वर्ण, साक्षी ने रजत एवं वंश ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता में चंद सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं राज्य का मान बढ़ाया।

### शिविर में 48 यूनिट रक्त एकत्र

बहादुरगढ़। सेक्टर-6 स्थित सामुदायिक केंद्र परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 48 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर डॉ. नितिन मलिक व विपिन मलिक द्वारा अपने पिता स्व आनंद सिंह मलिक की स्मृति में आयोजित किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्त संग्रह का कार्य हरियाणा राज्य रक्त संचरण परिषद की टीम द्वारा किया गया। आयोजन में शिव धर्मार्थ जनसेवा समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में पहुंचे एसीपी दिनेश कुमार का आयोजकों ने स्वागत किया। जय सिंह सैनी, सुमेर सिंह हुड्डा, उत्तम सिंह मलिक, जयप्रकाश दलाल, सहदेव दहिया, कुलदीप गहलोत, तेजा पहलवान, राज सिंह दहिया, सहदेव शौकीन आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि